दिनांक—02.08.2024 समय—7.10एएम

**प्रादेषिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :—

- नई दिल्ली में आज से राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन होगा षुरू। राष्ट्रपति करेंगी अध्यक्षता।
- भारी बारिष के कारण केदार नाथ रूकी। प्रदेष के यात्रियों को एयर लिफ्ट कर सुरक्षित निकाला।
- प्रदेश में भारी बारिष का दौर जारी भोपाल में रातभर से तेज बारिष।
- भारत—श्रीलंका के बीच एक दिवसीय मैचों की श्रृंखला की आज से होगी षुरूआत। रोहित षर्मा करेंगे कप्तानी।

राष्ट्रपति—राज्यपाल बैठक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से राष्ट्रपति भवन में दो दिन के राज्यपाल सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। यह सम्मेलन राष्ट्रपति की अध्यक्षता में राज्यपालों का पहला सम्मेलन होगा। सम्मेलन की कार्यसूची में तीन आपराधिक विधानों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों का प्रत्यायन तथा चयनित क्षेत्रों के विकास का मुद्दा शामिल होगा। अभियानों में राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार—विमर्श होगा। सभी राज्यों के राज्यपाल बैठक में शामिल लेंगे। उप—राष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह, धर्मेन्द्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान अश्विनी वैष्णव और डॉक्टर मनसुख मांडविया सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

केदारनाथ यात्रा—निलंबित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चारधाम की यात्रा के दौरान केदारनाथ में फंसे प्रदेश के 61 यात्रियों में से 51 यात्रियों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया है। शेष 10 यात्री केदारनाथ में ही सुरक्षित स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिवपुरी के बदरवास क्षेत्र के 61 लोग बस तथा अन्य चार पहिया वाहन लेकर केदारनाथ दर्शन के लिए गए थे, जो भूस्खलन के कारण वहां फंस गए। राज्य सरकार ने उत्तराखंड सरकार से संपर्क कर उन्हें एयरलिफ्ट कराया और 51 यात्रियों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया हैं। इस बीच उत्तराखंड के टिहरी और रूद्रप्रयाग जिलों में मूसलाधार बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा दो दिन के लिए रोक दी गई है। राज्य पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि केदारनाथ में लगभग एक हजार यात्री फंस गए। केदारनाथ जाने वाले रास्ते पर आठ सौ लोग फंसे है। यात्रियों को सुरक्षित निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत ग्रामीण संवाद—संगोष्ठी

ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया टीआरआई एवं मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान (मैनिट) भोपाल द्वारा कल क्षेत्रिय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य मध्यप्रदेश के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में राज्य के विभिन्न हितधारकों को जोड़ना है।

जिसमे सरकार, समाज और बाज़ार के महत्वपूर्ण लोग शमिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा –

मुख्यमंत्री–चित्रकूट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट में भगवान श्रीराम का वनवास काल गुजरा है। यहां मानवीय सभ्यता और भारतीय सनातन, संस्कृति का अनूठा मेल दिखाई देता है। चित्रकूट में जियो पार्क की संभावना तलाशने का कार्य आरंभ किया गया है। जियो पार्क से इस क्षेत्र में रोजगार और विकास के अवसर खुलेंगे तथा सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल चित्रकूट के उद्यमिता परिसर में चित्रकूट संभावित यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क की स्थापना के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनेस्को ने 195 देशों में जियो पार्क की स्थापना की संभावनाएँ तलाशी है, जिसमें उन्होंने चित्रकूट भी शामिल है। यूनेस्को के प्रतिनिधि ने जियो पार्क की स्थापना के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी प्राकृतिक संपदा को संरक्षित करने की जरूरत है। जियो पार्क को उद्देश्य अपनी भू–वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विरासत की खोज कर उसे और प्रभावी बनाना है। भारत में अब तक कोई जियो पार्क नहीं है।

मुख्यमंत्री–सिंगरौली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रक्षाबंधन एवं श्रावण उत्सव के अवसर पर सिंगरौली जिले के चितरंगी में लाड़ली बहनों के लिए आभार सह–उपहार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार कृत–संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बहनों के त्यौहार में खुशियों का रंग भरने के लिए 10 अगस्त को लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रूपये के अतिरिक्त 250 रूपये भेजे जाएंगे। सिंगरौली जिले की लाड़ली बहनों की ओर से 101 फिट लंबी राखी लाडले भैया डॉ. यादव को बांधी गई। मुख्यमंत्री ने बरगवा में 15 करोड़ रुपये की लागत से 50 बिस्तरीय अस्पताल बनाने की घोषणा की। उन्होंने सीएसआर मद से 50 करोड़ रूपये के लागत से चितरंगी के सभी मझरे टोलो में विद्युतीकरण की घोषणा की। साथ ही सिंगरौली से सप्ताह में तीन दिवस हवाई यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में सकरिया में रूद्राक्ष का पौधा भी लगाया।

उपमुख्यमंत्री रेलमार्ग

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा से गोविंदगढ़ तक का रेलमार्ग बन चुका है। रेल संचालन के लिए रेल मंत्रालय को अनुमति पत्र भेजा जा चुका है। अनुमति प्राप्त होते ही रेल गोविंदगढ़ तक जाने लगेगी। उप–मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गोविंदगढ़ से सीधी रेलमार्ग का कार्य जून 2025 तक पूर्ण हो जायेगा और 25 जून 2025 तक सीधी तक रेल का संचालन किया जाएगा। उप–मुख्यमंत्री कल रीवा कलेक्ट्रेट में सतना से सिंगरौली रेल परियोजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण परियोजना विन्ध्य क्षेत्र की लाइफ लाइन है।

इसके निर्मित हो जाने से विन्ध्य का सीधा जुड़ाव कलकत्ता से हो जाएगा और विंध्य क्षेत्र औद्योगिक कॉरिडोर से जुड़कर और तीव्र गति से प्रगति कर सकेगा।

बारिष/मौसम

प्रदेश में भारी बारिष का दौर जारी है। भोपाल सहित कई अन्य जिलों में कल रात से तेज बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने आज और कल जबलपुर, छतरपुर, भोपाल सहित 11 जिलों में भारी बारिष का रेड अलर्ट जारी किया है। भोपाल षहर में अब तक 36 इंच बारिष हो चुकी है। कल कोलार डेम का एक गेट खोला गया है। साथ ही जबलपुर के बरगी, टीकमगढ़ के बासुजारा, डिंडौरी के बिलगांव बांध के गेट भी खोले गए हैं। प्रदेष में कुल मिलाकर अबतक औसत से अधिक बारिष हो चुकी है। सिवनी में सर्वाधिक बारिष हुई है। मौसम विभाग ने 4 अगस्त तक तेज बारिष होने के आसार जताए हैं।

भारत–श्रीलंका वनडे

भारत और श्रीलंका के बीच आज से 3 मैचों की एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला शुरू हो रही है। पहला मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस श्रृंखला के अन्य दो मैच 4 और 7 अगस्त को होंगे। सभी मैच दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे। 50 ओवर के मैच में रोहित शर्मा भारतीय टीम के कप्तान होंगे। विराट कोहली और श्रेयस अय्यर सहित सीनियर खिलाड़ी इसमें षामिल होंगे। भारत यदि आज जीतता है तो यह श्रीलंका पर रिकार्ड 100वीं जीत होगी।

समाचार संक्षेप में .....

- मैहर और रामनगर विकासखंड और सतना जिले के उचेहरा विकासखण्ड आलमपुर और पडरी में उल्टी–दस्त से पीडित नये मरीज सामने नहीं आये है। बीमारी पर नियंत्रण पा लिया गया है। वहीं इलाजरत मरीजों को भी डिस्चार्ज भी कर दिया है।
- खंडवा की शासकीय जिला चिकित्सालय में कल विश्‍व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमती अमृता यादव द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को गर्भावस्था के समय से ही अपने स्वास्थ्य और खानपान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए।
- मुख्यमंत्री पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना हेतु इंदौर जिले में 50 हितग्राही तथा मुख्यमंत्री पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना में 300 हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है। अधिक जानकारी के लिए एमपीऑनलाईन अथवा कार्यालय सहायक संचालक कलेक्ट्रोरेट संपर्क किया जा सकता है।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में इन्दौर में कल श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय परिषद कर्मचारी राज्य बीमा निगम मध्यप्रदेश की 90वीं क्षेत्रीय परिषद की बैठक आयोजित हुई। श्री पटेल ने सतना, मंडीदीप एवं जबलपुर में अस्पताल निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।
- अशोकनगर में जनपद पंचायत मुंगावली के सभागार में कल 34 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शारीरिक स्वास्थ्य की जांच की गई।

- खण्डवा में अंगदान जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कल नुक्कड़ नाटक का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित के मार्गदर्शन में किया गया।
- डिंडौरी में जबलपुर संभागायुक्त अभय वर्मा ने कल जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले की शहपुरा तहसील में कलेक्टर विकास मिश्रा के साथ तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।
- नीमच में सीआरपीएफ कैम्पस के ग्रुप केन्द्र का 57वां स्थापना दिवस मनाया गया। ग्रुप केंद्र के डीआईजी एस. एल.सी.खूप ने अधिकारियों व जवानों के साथ अमर वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर, भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

………………………………